पेज थ्री देहरादून

हमारा दून

देहरादून, मंगलवार, 2 नवंबर 2021





कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता।

## संक्षिप्त समाचार

### यूकेडी का कार्यकारिणी विस्तार, नेगी व तोपवाल को अहम जिम्मेदारी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने अपनी केंद्रीय कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए तीन नेताओं को केंद्रीय कार्यकारिणी में जगह दी है उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी ने शूरवीर सिंह नेगी को केंद्रीय संगठन सचिव तथा केंद्र पाल सिंह तोपवाल को केंद्रीय प्रचार सचिव बनाया है। सुबेदार शूरबीर सिंह नेगी (रि.) गौरवशाली सेना गढ़वाल रेजीमेंट में 30 साल सेवा पूरी करने के बाद उत्तराखंड क्रांति दल से जुड़े हैं। केंद्र पाल सिंह तोपवाल इससे पहले उत्तराखंड क्रांति दल परवादून, देहरादून के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं।

### उत्तराखण्ड टी.बी. मुक्त नेटवर्क का हुआ गठन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड टी0बी0 मुक्त नेटवर्क कार्यक्रम के अन्तर्गत टी0बी0 की रोकथाम के लिए विभिन्न कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन हेतु उत्तराखण्ड राज्य टी0बी0 सेल एवं ''रीच संस्थान'' द्वारा राज्य स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यषाला का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत आज राज्य स्तरीय कार्यषाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा. तृप्ति बहुगुणा, महानिदेषक, चिकि. स्वा एवं प.क. एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

### अमेजन लाखों सेलर्स को दे रहा है जश्न मनाने का मौका

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन ने आज घोषणा की है कि उसके महीने भर चलने वाले ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (जीआईएफ) के दौरान अमेजन डॉट इन के सेलर्स और ब्रांड भागीदारों ने अब तक के सबसे बड़े शॉपिंग फेस्टिवल का अनुभव किया। यह फेस्टिवल देश भर के लाखों ग्राहकों के लिए खुशियां लेकर आया है। जीआईएफ 2 अक्टूबर की आधी रात को प्राइम अर्ली एक्सेस के साथ शुरू हुआ था। वहीं 3 अक्टूबर को यह फेस्टिवल सभी ग्राहकों के लिए शुरू हुआ था।

### जेके टायर की आय में 31 प्रतिशत की वृद्धि

**संवाददाता** देहरादून। टायर उद्योग में देश की अग्रज जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (जेके टायर) ने चालू वित्तीय वर्ष 2021–22 की दूसरी तिमाही के लिए अन अंकेक्षित परिणाम घोषित किये है। परिणामों पर टिप्पणी व्यक्त करते हुऐ जेके टायर के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. रघुपति सिंघानिया ने कहा, कि आंशिक रूप से बाधित बाजार के बावजूद जेके टायर बिक्री में निरन्तर विकास दर हासिल कर रहा है। रिप्लेसमेंट बाजार में जहां जबरदस्त विकास दर देखी गई, वही इस तिमाही में संस्थागत बिक्री में भी उछाल दर्ज किया गया।

# हम अच्छा उत्तराखंड बनाना चाहते हैं: सीएम

**घोषणा**

■ सीएम ने विभिन्न घोषणाएं कर रुद्रप्रयाग जिले को दी विकास की सौगात

**संवाददाता**

देहरादून। जनपद रुद्रप्रयाग के तल्ला नागपुर क्षेत्र में आयोजित पांच दिवसीय औद्योगिक विकास, कृषि एवं पर्यटन महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रिबन काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मौके पर विभिन्न घोषणाएं कर, क्षेत्र में विकास की सौगात दी। घोषणा में राजकीय इंटर कॉलेज चोपता में दो कक्ष निर्माण किया जायेगा। राष्ट्रीय गोल्ड पदक विजेता विचित्र सिंह नेगी को प्रतियोगिता में जाने हेतु 60 हजार रुपए की धनराशि सरकार की ओर से दी जायेगी। जल्द ही जखोली में सैनिक स्कूल का कार्य पूरा किया जाएगा, इसके लिए एक करोड़ की धनराशि



जारी की गई है। फलासी–छतोरा मोटर मार्ग का कार्य किया जाएगा। रुमसी–भौंसाल–चोपता मोटर मार्ग चौंड भूमिधार तक जोड़ने का कार्य किया जाएगा। श्री कार्तिक स्वामी धाम को मोटर मार्ग से जोड़ा जाएगा। तुंगेश्वर मंदिर प्रांगण का विस्तारीकरण किया जाएगा। तल्ला नागपुर क्षेत्र में आयोजित औद्योगिक विकास, कृषि एवं पर्यटन महोत्सव मेले के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं मनरेगा कर्मी की वेतन शीघ्र रिलीज करने का भरोसा दिया। जबकि कृषि मंत्री श्री उनियाल ने कृषि विभाग की ओर से औद्योगिक विकास, कृषि एवं पर्यटन महोत्सव मेले को दो लाख रुपए देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम को संबोधन के दौरान अपने बचपन की स्मृति को साझा करते हुए कहा कि मेले ही एक माध्यम होते थे जब हम एक ही स्थान में एक दूसरे से मिलते थे। कहा कि हम अच्छा उत्तराखंड बनाना चाहते हैं। सैनिक का बेटा होने के नाते उत्तराखंड की हर समस्या से भली–भांति परिचित हूँ। मोदी जी ने कहा है कि 2025 में जब उत्तराखंड 25 साल का होगा तो यह उत्तराखंड चिर युवा उत्तराखंड होगा। इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। हर क्षेत्र में राज्य को देश का पहला राज्य बनाना है। उन्होंने हर गांव में मूलभूत सुविधाओं को पहुंचाने सहित पलायन रोकने, पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार पहुंचाने की बात कही। उन्होंने रेलवे व चारधाम के तहत ऑल वेदर रोड के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी पांच नवंबर को मोदी जी श्री केदारनाथ में कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। जबकि भगवान बदरीनाथ का भव्य प्रांगण तैयार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रतियोगिता परीक्षाओं को निशुल्क किया है। अब आवेदन पर कोई शुल्क देना नहीं होगा।

### युवा सोच के मुख्यमंत्री है सीएम

प्रदेश के कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने अपने संबोधन में पुष्कर सिंह धामी को युवा सोच का मुख्यमंत्री बताया। तथा मुख्यमंत्री द्वारा नौजवानों, सैनिकों, महिलाओं, दलितों व तीर्थ पुरोहितों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। साथ ही किसानों के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील है।

आशा कार्यकत्रियों के मानदेय में वृद्धि किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दीपावली से पूर्व तोहफा दिया जाएगा। ग्राम प्रधानों, उपनल कार्मिकों का मानदेय बढ़ाया है। साथ ही वात्सल्य योजना के तहत कोरोना काल में मृतक के बच्चों को तीन हजार रुपए प्रतिमाह भरण–पोषण रूप में दिया जा रहे हैं। उन्होंने कहा पुलिस विभाग के इंस्पेक्टर से जवान तक तथा तहसीलदार से पटवारी तक कोरोना काल में बेहतर कार्य करने पर दस–दस हजार रुपए का मानदेय दिया गया है।

विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी ने मुख्यमंत्री को असीम संभावनाओं वाला राजनेता बताते हुए जनपद के अंतर्गत थाती बड़मा में निर्माणाधीन सैनिक स्कूल के निर्माण करने की मांग की।


# राज्य के हर जिले में एक इंटरनेट एक्सचेंज होगा स्थापित

**उद्घाटन**

■ राज्य के पहले इंटरनेट एक्सचेंज का केंद्रीय मंत्री चंद्रखेखर ने किया उद्घाटन

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून के आइटी पार्क में स्थापित किए गए राज्य के पहले इंटरनेट एक्सचेंज का केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना तकनीकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर और राज्यसभा सदस्य व भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी ने उद्घाटन किया। आने वाले दिनों में राज्य के हर जिले में एक इंटरनेट एक्सचेंज स्थापित होगा। बलूनी के मुताबिक उनकी यह कोशिश



रहेगी कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में ऐसे ही सक्षम इंटरनेट एक्सचेंज की स्थापित हों। इससे पर्वतीय और दूरदराज के गांवों में भी इंटरनेट की सुविधा मिल सकेगी।

इंटरनेट एक्सचेंज से दुर्गम क्षेत्रों में भी सहज रूप से नेट की सुविधा प्राप्त होगी। ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों, वर्क फ्रॉम होम से जुड़े नौजवानों व सरकारी विभागों, गैर सरकारी संस्थानों को अपने ऑनलाइन कार्यों में सुविधा होगी। उत्तराखंड में कॉल सेंटर्स और बीपीओ संस्थानों की संभावना बढ़ जाएगी जो कि प्रत्यक्ष रूप से राज्य के नौजवानों के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगी। उत्तराखंड से राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी ने बीती चार अक्टूबर को राज्य में इंटरनेट सेवाओं की स्पीड का मसला केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना तकनीकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर के समक्ष रखा था व आग्रह किया कि इंटरनेट सेवाओं की हाईस्पीड के लिये इंटरनेट एक्सचेंज स्थापित किये जाये, जिस पर केंद्रीय मंत्री ने अपनी सहमति दे दी थी। उसी कार्य का नतीजा है कि आज उत्तराखंड के देहरादून में पहला इंटरनेट एक्स्चेंज शुरु हुआ।

उद्धघाटन के अवसर में केंद्रीय मंत्री चन्द्रशेखर राव ने कहा कि उनकी सरकार उत्तराखंड के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। उत्तराखंड में बीपीओ संस्थानों की संभावना भी बढ़ जाएगी। उन्होंने उत्तराखंड के लिए एक ओर इंटरनेट एक्सचेंज नैनीताल में स्थापित करने की भी बड़ी घोषणा की।

### सड़क दुर्घटना के मृतक आश्रितों को 1-1 लाख सहायता राशि स्वीकृत की

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद के तहसील चकराता के अन्तर्गत ग्राम बायला सीमान्तर्गत विजियाधार के लोखण्डी–पिपारा–बायला–बुल्हाड़ मोटर मार्ग पर घटित सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को उत्तराखण्ड मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत 1–1 लाख तथा सड़क दुर्घटना में घायलों को 40–40 हजार रूपये सहायता राशि स्वीकृत की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वीकृत धनराशि का भुगतान उत्तराखण्ड सड़क परिवहन दुर्घटना राहत के नाम से संचालित खाता संख्या से चौक के माध्यम से धनराशि रूपये 1 लाख जिलाधिकारी सिरमौर हिमाचल प्रदेश एवं रू0 12 लाख 80 हजार उपजिलाधिकारी चकराता को मृत व्यक्तियों के आश्रितों को एवं घायलों को भुगतान करने हेतु चौक के माध्यम से प्रेषित की जा रही है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।